**सम्मान** मेधावी विद्यार्थियों का नपा परिषद ने लैपटॉप बैग और स्मार्ट वॉच से किया सम्मान

# प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन को सम्मानित कर उज्जवल भविष्य के लिये प्रोत्साहित करने का है अवसर : प्रदीप जायसवाल

**नवभारत, वारासिवनी।** नगर पालिका परिषद ने आज नगर के इंडोर स्टेडियम मे मेधावी छात्रो के सम्मान समारोह मे आज क्षेत्र के लगभग आठ सौ विधार्थीयो का लेपटाप बेग और स्मार्ट वाच से सम्मान किया। मुख्य अतिथी प्रदीप जायसवाल पूर्व मंत्री, नपा अध्यक्ष श्रीमती सरिता मनोज दांदरे, पूर्व नपा अध्यक्ष श्रीमती स्मिता जायसवाल, सुश्री किरण शर्मा,भाजपा जिला उपाध्यक्ष किशोर अमूले, प्रदीप शरणागत, चिरौजी पारधी सहित पार्षदगणो के हस्ते पुरस्कत होकर विधार्थीयो ने भी प्रसन्नता के साथ कहा की आज हमे गर्व महसूस हो रहा है और आत्मविश्वास मे बढोत्तरी महसूस कर रहे है।




### शिक्षा सहित अन्य विषयों में प्रतिस्पर्धा से प्रतिभायें आगे आती है.......

भव्य कार्यक्रम मे पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल ने कहा की यह आयोजन हमारे प्रतिभाशाली विधार्थीयो के उत्कृष्ट प्रदर्शन को सम्मानित करने एवं उनके उज्जवल भविष्य के लिये प्रोत्साहित करने का एक महत्तवपूर्ण अवसर है। क्षेत्र का सर्वागींण विकास किसी एक नेता या व्यक्ति के लिये संभव नही है। किंतू जब सामूहिक रूप से सभी सहभागीता करते है तो इस तरह के कार्यक्रम अपनी अमिट छाप छोड देते है। हम चाहते है की शिक्षा सहित खेलकूद आदि विषयो मे भी प्रतिस्पर्धा का माहौल निर्मित हो। जिससे प्रतिभाओ को आगे आने का अवसर मिल सके। हमने नयी पीढि के हिसाब से ही विभिन्न खेलो के लिये इंडोर स्टेडियम, स्वीमिंग पूल का निर्माण सहित अनेको सुविधाये प्रदान की है। आज बच्चो के कारण माता पिता को भी सम्मानित होने का अवसर उनके द्वारा दिये गये संस्कार व अनुशासन का पारितोषिक है।

### मेहनत को जूनून बना दिया जाये तो सफलता स्वंय रास्ता बना देती है

नपा अध्यक्ष श्रीमती सरिता मनोज दांदरे ने कहा आज हमारे क्षेत्र के मेधावी विद्वार्थीयो ने साबित कर दिया है की जब मेहनत को जूनून बना दिया जाये तो सफलता स्वंय रास्ता बना देती है। नगरीय व ग्रामीण स्कूलो के बच्चो ने जो परिक्षा परिणाम मे 85 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किये है। उन्हे देखकर प्रतित हो रहा है की हमारा क्षेत्र अब शिक्षा के विषय मे भी तेज गति से आगे बढ रहा है। आज नगर पालिका परिषद इन सभी बच्चो का सम्मान कर स्वंय को गौरावित महसूस कर रही है।

### सम्मानित होने वाले विद्यार्थियों ने कहा-हमारे लिये यह पल अविस्मरणीय है......

सम्मानित होने के बाद नरोडी के सुक्कुटोला स्कूल के मेधावी छात्रा हितेश्वरी राणा सहित अनेको विद्वार्थीयो ने अपनी प्रतिक्रिया मे कहा की उनकी सफलता मे जंहा शिक्षकगणो, माता पिता का सहयोग रहा है। वही आज सम्मान कर आगामी लक्ष्य को हासिल करने मे गुडडा भैया व नपा परिषद ने आज पुन नये सिरे से मेहनत करने का हौसला प्रदान किया है। यह सम्मान आने वाले समय मे अन्य विद्वार्थीयो के लिये भी प्रेरणा का कार्य करेगा। आज जो प्रसन्नता महसूस हो रही है, वह सही मे अविस्मरणीय है।

### सफलता में योगदान देने वाले शिक्षकों का भी हुआ शॉल-श्रीफल से सम्मान

क्रार्यक्रम मे पहले कक्षा दसवी पश्चात कक्षा बारहवी के विद्वार्थीयो को नगरीय व ग्रामीण क्षेत्र के स्कूलो के हिसाब से मंच पर बुलवाया गया। जिसमे सबसे पहले प्रशस्ति पत्र पश्चात शिक्षकगणो का शाल श्रीफल से सम्मान किया गया। साथ ही क्रमश उस स्कूल के सभी बच्चो को सामूहिक रूप से मंहगे उपहार प्रदान किये गये। इन पलो मे जब विद्वार्थीयो ने मंच से ही अपने अपने माता पिता को बुलवाकर सम्मान समारोह का हिस्सा बनाया। तब वह पल एक पारिवारीक वातावरण की तरह नजर आने लगे। पुरे माहौल मे लगभग आठ सौ विद्वार्थीयो को अपने अपने हाथो मे लैपटाप बेग और स्मार्ट वाच लेकर खुशिया जाहिर करने के द्रश्यो ने पुरे माहौल को खुशिंयो का नया अंदाज बना दिया।

### कार्यक्रम को सफल बनाने में इनका रहा योगदान

नपा परिषद के कार्यक्रम को ऐतिहासिक रूप से सफलता प्रदान करने मे पार्षदगणो मे सर्वश्री मदन धार्मिक, मोनू लिमजे, प्रवीण डोंगरे, धर्मू जोशी, पवन धूर्वे, श्रीमती रितू खरे, श्रीमती ललिता ठाकरे, नपा के मुख्य अधिकारी सूर्यप्रकाश उके, उपयंत्री सुमीत मोटवानी, वंशिका चौहान के साथ सहयोगी के रूप मे सर्वश्री बालू जैवार, विनय सुराना, अनिरूद्व दुबे, अमित येरपूडे, जसंवत पटले, मनोज दांदरे, मोनू लिमजे आदि का योगदान सराहनीय रूप से देखा गया।

# कांग्रेस की नई कार्यकारिणी से संगठन हुआ दो फाड़

**नवभारत, बालाघाट।** जिला कांग्रेस कमेटी के नए गठन ने संगठन के भीतर भारी असंतोष को जन्म दे दिया है और अब जल्द ही जिला कांग्रेस के दो टुकड़े होने से कोई रोक नहीं सकता । नई कार्यकारिणी में ऐसे कई जमीनी कार्यकर्ताओं की अनदेखी की गई है जिन्होंने कांग्रेस को जमीन से आसमान में पहुंचने में अपना खून पसीना बहाया है लेकिन जिला अध्यक्ष को जाने क्या हुआ कि इस सारे कर्मठ ईमानदार सक्रिय कार्यकर्ता को नई कार्यकारिणी में बाहर कर दिया । इस तरह आज तरफ आधे ओर दूसरे तरफ आधे कार्यकर्ता अब अपनी अपनी चलायेंगे ओर इसका परिणाम ये होगा कि कांग्रेस को आने वाले चुनाव अपनी जीती हुई सीट भी बचाना मुश्किल हो जाएगा ।

नए संगठन में पिछले कार्यकाल में सक्रिय भूमिका निभाने वाले नारायण परिहार, मधु शर्मा ,विशाल बिसेन, राकेश डहरवाल, रवि अग्रवाल, मनोहर अग्रवाल, ज्ञान शर्मा, दीपक अग्रवाल, अनीस खान, आनंद बिसेन और बालकृष्ण बिसेन जैसे अनुभवी और जमीनी नेताओं को इस बार पूरी तरह बाहर का रास्ता दिखा दिया गया है।

हैरानी की बात यह है कि बालाघाट क्षेत्र के भी कई कद्दावर और लंबे समय से पार्टी के लिए काम कर रहे चेहरों में सुधीर तिवारी , रहीम खान, अल्ला रक्खा, जुगल शर्मा, राजा सोनी, अशोक शर्मा, कल्लू सोनी,पूर्व पार्षद पन्ना शर्मा, छबि राम नागेश्वर, शमीम सिद्दीकी, नितिन भोज, दिनेश धुर्वे, राकेश सिंगारे, राजेश ठाकुर और शेषराम रहांगडाले को भी दरकिनार कर दिया गया। ये वे नाम हैं जो वर्षों से संगठन की रीढ़ माने जाते रहे हैं।

अब सवाल ये होता है की आखिर इन जमीनी और सक्रिय कार्यकर्ताओं को किन कारणों से नजरअंदाज किया गया? क्या यह फैसला संगठन को मजबूत करने के लिए लिया गया है , संगठन को बीजेपी के हाथों सौंप दिया है या फिर इसके पीछे अंदरूनी खींचतान,पक्षपात और चापलूसी का खेल चल रहा है?

सबसे बड़ा प्रश्न यह भी खड़ा हो रहा है कि क्या यह चूक शीर्ष के साथ जिला स्तर की है या फिर ब्लॉक अध्यक्षों की नाकामी की है जिसमें कई ब्लॉक अध्यक्ष तो बीजेपी की गोद में बैठे है तो वो नहीं चाहेंगे कि ईमानदार दमदार कार्यकर्ता पार्टी में आए और संगठन को मजबूत बनाए । ये ऐसे ब्लॉक अध्यक्ष है जिसमें कई अपनी स्वार्थ पूर्ति में के कारण अपने ही क्षेत्र के समर्पित कार्यकर्ताओं के हक में आवाज तक नहीं उठा सके ।

अगर जमीनी कार्यकर्ताओं की इस तरह अनदेखी होती रही, तो इसका सीधा असर संगठन की मजबूती और आगामी चुनावों पर पड़ना तय माना जा रहा है। फिलहाल, कार्यकर्ताओं के बीच नाराजगी साफ दिखाई दे रही है और आने वाले दिनों में यह असंतोष खुलकर सामने आएगा इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता ओर इसका सबसे नुकसान पार्टी के साथ साथ जिला अध्यक्ष को भी आने वाले चुनाव में भुगतना पड़ेगा ।

### विधायक अनुभा मुंजारे के प्रयास से नल जल योजना स्वीकृत : अनीस खान

**नवभारत, लालबर्रा ।** लालबर्रा नगर मुख्यालय सहित 14 ग्रामों के लिए नई सामूहिक नल जल योजना व नई पानी टंकी की स्वीकृति की सौगात क्षेत्रीय विधायक श्रीमती अनुभा मुंजारे के प्रयास से स्वीकृत हुई है उक्तशय की जानकारी देते हुए विधायक प्रतिनिधि व ग्राम पंचायत पांडरवानी लालबर्रा के सरपंच अनीस खान ने बताया कि नगर मुख्यालय लालबर्रा सहित ग्रामों में विधायक अनुभा मुंजारे जी की बड़ी सौगात मिली है जिसमें ग्राम पंचायत पांडरवानी लालबर्रा में लगभग 40 वर्ष पुरानी एस्बेस्टस पाईप लाईन को बदलकर नई पाईप लाइन बिछेगी इसके साथ ही ग्राम पंचायत पांडरवानी लालबर्रा में नई पानी टंकी का निर्माण भी होगा इसके साथ ही चौदह ग्रामों में नई पाईप विस्तार कार्य सहित पचास हजार किलो लीटर पानी की क्षमता वाली टंकियों का निर्माण भी होगा।

# कायदी में विश्व योग दिवस की तैयारी प्रारंभ

**नवभारत, बालाघाट।** रोज करे योग नहीं होगा कभी रोग की थीम पर भारत के साथ पूरे विश्व में हर वर्ष 21 जून को योग दिवस एक साथ बड़े ही धूमधाम से मनाया जाता है । जिसकी तैयारी जिले के आयुष विभाग के अंतर्गत संचालित सभी आयुष आरोग्य केंद्र में की जा रही है ।



इसी योग दिवस को बहुत ही शानदार ओर ऐतिहासिक तरीके से मनाने हेतु आयुष आरोग्य केंद्र कायदी तहसील वारासिवनी में भी पिछले कई दिनो से योगा की तैयारी रोज ग्रामीणों के साथ की जा रही है । जिला आयुष अधिकारी डॉक्टर मिलिंद चौधरी के के मार्गदर्शन में , आयुष आरोग्य केंद्र कायदी के सामुदायिक आयुष चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर आशीष घोड़ेश्वर कुशल नेतृत्व में 2 मई को योगा का विशेष शिविर का आयोजन किया गया जिसमें योग शिक्षकों द्वारा कई प्रकार योग अभ्यास करवाए ओर उससे होने वाले फायदे के बारे में बताया गया । इस शिविर में योग को सिखाने में विशेष रूप से योग प्रशिक्षक पूजा दुबे, योग सहायक भूमेश्वरी मानेश्वर के साथ श्रीमती पुष्पा ठाकरे , श्रीमती करुणा घोड़ेश्वर का विशेष योगदान रहा । वही योग के प्रति ग्रामीणों में विशेष उत्साह देखा गया जहां योग की सीखने ओर उसके फायदे लेने उनकी भारी भीड़ उपस्थित रही ओर योग के इस विशेष शिविर को सफल बनाने में विशेष योगदान दिया ।




10 YEAR WARRANTY | BAJAJ SECURE • AMC • ROAD SIDE ASSISTANCE | 72198 21111 | BAJAJ AUTO CREDIT | SHRIRAM Finance | IDFC FIRST Bank ALWAYS YOU FIRST | L&T Finance | TATA CAPITAL Two Wheeler Loans

*नियम और शर्तें लागू. ऑफ़र 31 मई 2026 तक मान्य है. फ़ायनान्स उपलब्ध है फ़ायनान्सर के अपने स्व-निर्णय पर. पल्सर N160 USD सिंगल सीट वैरिएंट पर दिए गए ई-कॉम ऑफ़र्स, संबंधित ई-कॉम पार्टनर की शर्तों के अधीन हैं. ई-कॉम ऑफ़र्स हर पार्टनर के अनुसार परिवर्तित हो सकते हैं. स्टंट्स, एक्सपर्ट्स द्वारा प्रोफ़ेशनल सुपरविज़न के तहत, आम जनता या आम रास्तों से हट कर नियंत्रित और बंद सीमित वातावरण में किए गए हैं. कृपया इन स्टंट्स की नक़ल करने का प्रयास न करें और हर समय ट्रैफ़िक तथा सुरक्षा नियमों का पालन करें.

**Authorised Dealers for Bajaj Auto Ltd.: Jabalpur: Nagrath Chowk** FRONTIER BAJAJ 7771011270, 7771003332 • **Damoh Naka** SELECT BAJAJ 7880097791 • **Balaghat** SAI BAJAJ 9425822517• **Damoh** MAA LAXMI BAJAJ 8109061441 • **Narsinghpur** SATKAR BAJAJ 7747008720 • **Seoni** FRONTIER A S BAJAJ 9302893612 • **Shahdol** JAYSHREE BAJAJ 7879858023 • **Katni** TARA BAJAJ 9111407700.